तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 1 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर प्रयास से मिलेगी सफलता : पैकरा





खबर संक्षेप

सुसीमा ट्रॉफी में इंटरनेशनल मास्टर कौस्तुभ कुण्डु की होगी एंट्री

अम्बिकापुर। द्वितीय सुसीमा ट्रॉफी ऑल इण्डिया ओपन क्लासिकल चेस टूर्नामेंट गांधी स्टेडियम के मल्टीपर्पज हॉल में 22 अक्टूबर से शुरू होगा। चार दिवसीय इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 400 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। कोलकाता के इंटरनेशनल मास्टर कौस्तुभ कुण्डु के भाग लेने से प्रतियोगिता अधिक महत्वपूर्ण बन गयी है। चेकमेट जशपुर के नेशनल रेटिंग टूर्नामेंट के विजेता कौस्तुभ इटली, फ्रांस, स्पेन और बांग्लादेश में अपनी प्रतिभा साबित कर चुके हैं। फाउंडेशन के सचिव विश्वास तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता ओपन टूर्नामेंट हैं। इसमें हर आयु के महिला पुरूष खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

रहिमन धागा प्रेम का कार्यक्रम आज

अम्बिकापुर। सरगुजा हिंदी साहित्य परिषद द्वारा गुरुवार 1 अक्टूबर की शाम 6.30 बजे से स्थानीय भारतेन्दु भवन में भक्त कवि रहीम पर केन्द्रित कार्यक्रम रहिमन धागा प्रेम का आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में नगर के साहित्यकार डॉ. दीपक सिंह, प्रभु नारायण वर्मा और रमेश द्विवेदी कवि रहीम पर विचार प्रकट करेंगे। इसके अलावा अंजनी पाण्डेय और अंजनी मिश्रा द्वारा रहीम की रचनाओं का सस्वर पाठ भी होगा। परिषद के सचिव रमेश द्विवेदी ने अधिक से अधिक साहित्य प्रेमियों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

जिला न्यायालय परिसर में शोर्ट सर्किट से लगी आग

अंबिकापुर। बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में आग लगने की घटना से हड़कंप मच गया। कार्यालय की पंजीयन शाखा में शोर्ट सर्किट से आग लगी। गनीमत रही की समय रहते आग पर काबू पा लिया गया जिससे कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि बुधवार को सुबह जिला एवं सत्र न्यायालय के पंजीयन शाखा में अचानक ही धुंआ निकलने लगा। शाखा में आग से धुंआ निकलता देख हड़कंप मच गया। आग लगने के घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलने के बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। फिलहाल आगजनी के कारणों का पता नहीं चल सका है लेकिन शोर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है। अच्छी बात यह है कि समय पर आग बुझा लिया गया जिससे कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। कार्यालय में रखे एक कम्प्यूटर को नुकसान होने की बात कही जा रही है जबकि यदि समय यह घटना अवकाश वाले दिन होती तो बड़ा नुकसान हो सकता था। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

महान नदी किनारे हुआ सामना, पत्नी से झगड़े के बाद शराब के नशे में जा रहा था बेटी के घर

प्रतापपुर क्षेत्र से आए दंतैल ने ग्रामीण को उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

प्रतापपुर क्षेत्र से आए हाथी ने बीती रात रेवतपुर जंगल में एक ग्रामीण को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। ग्रामीण परिवार से नाराज होकर शराब के नशे में ही अपनी बेटी के घर जाने के लिए निकल गया था। इस दौरान उसका सामना दंतैल से हो गया। हाथी ने बुजुर्ग को कुचल दिया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। वन विभाग विभाग द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और परिजन को तात्कालिक सहायता राशि प्रदान की गई है।

खास बात

- तत्कालिक सहायता राशि 25 हजार रूपए मिले

बताया जा रहा है कि जिले के वन परिक्षेत्र राजपुर अंतर्गत बरियों के रेवतपुर परिसर में 28 सितंबर को एक दंतैल हाथी प्रतापपुर क्षेत्र से पहुंचा हुआ है और लगातार आस पास के क्षेत्र में विचरण कर रहा है। हाथी के मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग द्वारा लगातार निगरानी करने के साथ ही लोगों को समझाइश भी दी जा रही है। इस बीच यह जानकारी सामने आई कि ग्राम परसवारकला बडखापारा निवासी 53 वर्षीय सुटरंग आ. गोहंदुल कौशिक 29 सितंबर की रात घर में शराब के नशे में झगड़ा करने के बाद पैदल ही अपनी बेटी के घर जाने के लिए निकल गया था। देर शाम लगभग 7 बजे जैसे ही ग्रामीण महान नदी को पार कर बस्ती किनारे पहुंचा उसका सामना दंतैल हाथी से हो गया। आक्रामक हाथी ने सुटरंग कौशिक को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हाथी के हमले में ग्रामीण की मौत से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद रात को वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। बुधवार की सुबह वन विभाग ने शव को बरामद कर पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल वन विभाग द्वारा मृतक की पत्नी श्रीमती कुलेश्वरी कौशिक को तत्कालिक सहायता राशि के रूप में 25 हजार रूपए प्रदान किए गए हैं। शेष 5 लाख 75 हजार रुपये की सहायता राशि नियमानुसार कार्रवाई पूर्ण होने के बाद प्रदान की जाएगी।



घटना स्थल पर लोगों की भीड़।

काफी आक्रामक है हाथी

जिस हाथी ने वर्तमान में ग्रामीण को मौत के घाट उतारा वह काफी आक्रामक है। इसके पहले भी इस हाथी द्वारा प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में चार लोगों को जबकि बलरामपुर के राजपुर वन परिक्षेत्र में दो लोगों को कुचलकर मारा है। हाथी की आक्रामकता के कारण वन विभाग लगातार इसपर निगरानी रख रहा था लेकिन अधिकारियों का कहना है कि सूचना के बाद भी ग्रामीण शराब के नशे में धुत होकर जंगल की ओर चला गया और उसका हाथी से सामना हुआ।

मोबाइल से मिलती है हाथियों की जानकारी

उप वनमंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव और वन परिक्षेत्र अधिकारी अजय वर्मा ने बताया कि हाथी प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वन विभाग ने गज संकेत एप और स्थानीय वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से करीब दो हजार ग्रामीणों को जोड़ रखा है। मोबाइल के माध्यम से ग्रामीणों को हाथियों के आने-जाने तथा उनके वर्तमान विचरण क्षेत्र की जानकारी लगातार दी जाती है, ताकि लोग समय रहते सतर्क हो सकें। इसके अलावा वन अधिकारी और कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर मुनादी कराते हैं। गजराज वाहन के माध्यम से भी लोगों को हाथियों की मौजूदगी की जानकारी देकर सावधानी बरतने की समझाइश दी जाती है। ग्रामीणों को बताया जाता है कि जंगल या बस्ती के आसपास हाथी दिखाई देने पर उसके करीब न जाएं, भीड़ न लगाएं और तत्काल वन विभाग को सूचना दें। वन विभाग ने ग्रामीणों से आह्वान किया है कि रात में पगडंडी अथवा सुनसान रास्तों से आवागमन से बचें। हाथियों के विचरण वाले क्षेत्र में अनावश्यक रूप से प्रवेश न करें। विभाग का कहना है कि ग्रामीणों की सतर्कता और वन विभाग की निगरानी से हाथी-मानव संघर्ष की घटनाओं को कम करने तथा जनहानि रोकने में मदद मिल सकती है।

ग्रामीणों ने लगाया वन विभाग पर लापरवाही का आरोप

हाथी के हमले में युवक की मौत, रविवार से था लापता

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

हाथियों के आतंक के बीच दरहोरा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। हाथी के हमले से एक युवक की मौत हो गई। युवक रविवार से लापता था और उसका शव सोमवार को खेत में मिला। शव मिलने की सूचना के बाद गांव में शोक के साथ ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

बताया जा रहा है कि ग्राम दरहोरा निवासी प्रमोद राजवाड़े आ. कामेश्वर राजवाड़े (30 वर्ष) अपने दो साथियों के साथ गांव के समीप नाला में मछली मारने गए थे। इसी दौरान हाथी के पहुंच जाने तीनों भागने लगे। दो युवक तो अपने घर पहुंच गए लेकिन प्रमोद राजवाड़े का पता नहीं चला। प्रमोद के लापता होने के बाद परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश में जुट गए। इसी दौरान खेत के आसपास हाथी के पैरों के निशान दिखाई देने पर ग्रामीणों ने निशान का पीछा किया तो खेत में प्रमोद का शव मिला। हाथी के हमले से युवक की मौत की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों का आरोप है कि इलाके में कई दिनों से हाथियों का दल लगातार घूम रहा था। इसके बावजूद वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को सतर्क नहीं किया गया। ग्रामीणों के अनुसार संवेदनशील क्षेत्रों में मुनादी, नियमित निगरानी और रात में गश्त जैसे सुरक्षा उपाय पर्याप्त रूप से नहीं किए गए। इसी को लेकर ग्रामीण वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने लगे। इधर घटना के बाद ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को तत्काल उचित मुआवजा देने, हाथियों के दल को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर करने तथा प्रभावित गांवों में रात के समय वन अमले की गश्त बढ़ाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि हाथियों की मौजूदगी की जानकारी पहले से थी तो ग्रामीणों को समय रहते सचेत किया जाना चाहिए था। अब ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि वन विभाग और प्रशासन की ओर से जल्द ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो वन विभाग कार्यालय का घेराव किया जाएगा।



घटना स्थल लोगों की भीड़, इनसेट में मृतक।

लगातार रख रहे निगरानी

हाथी के हमले में ग्रामीण की मौत हुई है। लोनर हाथी प्रतापपुर रेंज से आया है। हमारी ओर से लगातार मुनादी कराने के साथ ही सूचना दी गई थी। ग्रामीण नशे में जंगल के रास्ते जा रहा था। इस दौरान उसका हाथी से सामना हुआ। हाथी फिलहाल रेवतपुर चला गया है। हमारी तीन से चार टीम लगातार हाथी की निगरानी कर रही है।

-अलोक वाजपेयी, डीएफओ

बुजुर्ग ने किया नाबालिग से दुष्कर्म गुस्से में किशोरी ने कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूरजपुर जिले में एक किशोरी ने बुजुर्ग की गला रेतकर हत्या कर दी। बुजुर्ग ने काम के सिलसिले में आई किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया जिससे आक्रोशित होकर नाबालिग ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालिका को पकड़कर पूछताछ की गई जिसपर उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

- किशोरी ने सब्बल से सिर पर वार करने के बाद ब्लेड से काट दिया गला, किशोरी गिरफ्तार सूरजपुर का मामला

बताया जा रहा है कि एसईसीएल कर्मचारी सूरजपुर मानपुर निवासी कामता प्रसाद साहू द्वारा महुआपारा मुख्य मार्ग पर अपने मकान का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त मकान निर्माण कार्य की रखवाली के लिए मकान मालिक ने ग्राम केतका निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग सीताराम गोंड को रखा गया था। बुजुर्ग पिछले तीन-चार महीनों से सामान की देखरेख करने के साथ ही स्टोर रूम में सोता था। 28 सितंबर की सुबह 9 बजे जब मकान के सेंट्रिंग को खोलने के लिए लेबर फूलचंद और बिरेन्द्र मौके पर पहुंचे तो सीताराम मौके के साथ एक किशोरी थी। लोगों को देखकर किशोरी भाग निकली जबकि सीताराम को जब लेबरों ने उठाने का प्रयास किया तो वह उठा नहीं। उसके गले व सिर पर चोट के निशान थे और उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही थी। पुलिस ने जब संदेही किशोरी को पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। 17 वर्षीया किशोरी ने बताया कि वह मृतक उसका दूर का रिश्तेदार था और वह काम के सिलसिले में सूरजपुर आई थी। इस दौरान वह अपने मुह बोले बाबा के पास रुकी थी। 27 सितंबर की रात को दोनों खाना खाकर सो गए थे और इसके बाद देर रात बुजुर्ग ने जबरन नाबालिग से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। दुष्कर्म से आक्रोशित होकर नाबालिग ने सब्बल से उसके सिर पर वार कर ब्लेड से गला काट दिया। हमले में बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालिका को पकड़कर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है।



पति से विवाद के बाद घर से निकली महिला, नहीं मिला सुराग

अम्बिकापुर। शहर के सदर रोड क्षेत्र से 39 वर्षीय महिला के लापता होने के मामले में उसके भाई ने थाने में गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार अनामिका का विवाह वर्ष 2010 में शशिकांत केशरी से हुआ था। बताया जा रहा है कि शादी के बाद पारिवारिक मामलों को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। 28 सितंबर की शाम करीब 5 बजे परिवार के लोगों को फोन के माध्यम से जानकारी मिली की अनामिका और उसके पति के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद अनामिका गुस्से में अपने कपड़े और कुछ पैसे लेकर घर से निकल गई। काफी समय बीतने के बाद भी वह वापस नहीं लौटी तो परिजन ने आसपास के क्षेत्रों में उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद झारखंड के रामगढ़ निवासी उसके भाई मनीष केशरी पिता सच्चिदानंद केशरी ने अपने बहनोई शशिकांत केशरी के साथ थाने में पहुंचकर सूचना दी।

- भाई ने अंबिकापुर थाने में दर्ज कराई गुम इंसान की रिपोर्ट

शहर के गौरवपथ को बस व अन्य भारी वाहनों से कराया गया कब्जा मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के गौरवपथ पर कब्जा कर बस व अन्य भारी वाहन खड़ी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। परिवहन विभाग और पुलिस की टीम ने गौरव पथ पर बेतरतीब बसों को हटवाने के साथ ही सड़को को कब्जा मुक्त कराकर यातायात बहाल कराया गया।

- बेतरतीब रूप से की जाती है पार्किंग, बन गया है अघोषित पार्किंग स्थल

बता दें कि शहर के गौरव पथ पर बड़ी संख्या में यात्री बसों का कब्जा है। प्रतीक्षा बस स्टैंड के सामने और आस पास में गौरव पथ को बस संचालकों द्वारा अपना अघोषित पार्किंग बना लिया गया है। संचालक दिन भर अपनी बसों को खड़ी करने के साथ ही साफ सफाई और मरम्मत का कार्य करते रहते है। इस अघोषित पार्किंग और बेतरतीब तरीके से वाहनों को खड़ा करने से आवागमन में लोगों को परेशानी होती है, दुर्घटना की सम्भावना बनी रहती है। ऐसे में एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर बुधवार को प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप गौरव पथ मार्ग पर कई बसें एवं अन्य वाहन अनाधिकृत रूप से सड़कों पर खड़ी होकर आवागमन को बाधित करने वाले वाहनों कों यातायात शाखा पुलिस टीम एवं संबंधित विभागों द्वारा कार्रवाई की गई । सरगुजा पुलिस, परिवहन विभाग तथा बस स्टैंड सहायता केंद्र की पुलिस टीम की एक विशेष संयुक्त टीम का गठन कर गौरव पथ मार्ग का औचक निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम ने मौके पर पहुँचकर गौरव पथ में अव्यवस्थित एवं नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़ी की गई सभी बसों तथा अन्य चार पहिया वाहनों को तत्काल प्रभाव से हटवाया तथा मार्ग को आवागमन हेतु पूरी तरह से बहाल कराया। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों एवं बस मालिकों को सख्त चेतावनी दी गई कि गौरव पथ एवं मुख्य मार्गों पर गाड़ियां खड़ी कर यातायात में बाधा उत्पन्न करने पर भविष्य में वैधानिक व चालानी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी बस चालकों को बसों को केवल निर्धारित बस स्टैंड परिसर के भीतर ही खड़ा करने के सख्त निर्देश दिए गए। इस दौरान यातायात प्रभारी विजय कैवर्त्य, परिवहन विभाग से उप निरीक्षक एटी द्विवेदी, बस स्टैंड सहायता केंद्र प्रभारी संदीप सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी सक्रिय रहे।





खबर संक्षेप

नगर में बने ज्यादातर शौचालय बदहाल



जशपुरनगर। शहर के अंदर बने ज्यादातर शौचालय की स्थिति खराब है। कहीं पानी नहीं तो कई शौचालय खोले ही नहीं जाते। इस विषय पर लगातार नागरिक आवाज उठाते हैं मगर विभाग ध्यान नहीं देता। सरकार की योजना की यहां खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। शहर में बने कुछ शौचायल जहां आए दिन बदहाली का आलम देखा जा सकता है। रंजिता स्टेडियम के पीछे, बिजली ऑफिस के सामने कलेक्ट्रेट कॉम्प्लेक्स के पीछे, पुरानी टोली मार्ग पर इस तरह से अन्य शौचालय के हाल हैं जिन्हें नगर सरकार अनदेखा कर रही है।

जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन संस्था ने किया सुको के फैसले का स्वागत

जशपुरनगर। जशपुर में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए जमीनी अभियान चला रहे समर्पित जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का स्वागत किया है, जिसमें उसने केंद्र से इस संभावना पर विचार करने को कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के लिए ऐसे वैधानिक नियम बनाए जाएं, जिनके तहत उनके लिए नाबालिगों से संबंधित भारतीय कानूनों का पालन करना अनिवार्य हो।

सियान आइडल स्पर्धा का फाइनल 1 अक्टूबर को

जशपुरनगर। जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग जशपुर द्वारा अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं जशपुर सियान आइडल फाइनल प्रतियोगिता का आयोजन 1 अक्टूबर 2026 को प्रातः 11 बजे से न्यू कम्युनिटी हॉल, बालाजी मंदिर के सामने, जशपुर में किया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक जशपुर रायमुनी भगत होंगी, जबकि अध्यक्षता विधायक पत्थलगांव एवं उपाध्यक्ष सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण गोमती साय द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर जशपुर सियान आइडल फाइनल के अंतर्गत गायन, भाषण एवं कविता पाठ, स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण, सहायक उपकरण वितरण, 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को बस पास वितरण, पुलिस अधीक्षक जिला जशपुर द्वारा सायबर जागरूकता, सचिव जिला विधिक प्राधिकरण जशपुर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कानूनी अधिकार एवं विधिक सहायता संबंधी जानकारी, जशपुर सियान आइडल एवं खेलकूद प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण तथा समस्त वरिष्ठ नागरिकों कासम्मान किया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम

बैकुण्ठपुर। वरिष्ठ नागरिकों के प्रति समाज में सम्मानजनक वातावरण के निर्माण, उनकी समस्याओं के निराकरण तथा उनके अनुभवों को साझा करने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में जिले में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 01 अक्टूबर को जिला एवं विकासखंड स्तर पर विभिन्न विभागों के समन्वय से जनजागरूकता एवं सेवा गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। 01 अक्टूबर को बैकुंठपुर के शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल के मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियां शुरु, आकार लेने लगे पूजा पंडाल

9 दिनों तक बहेगी भक्ति की बयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शक्ति उपासना के महापर्व शारदीय नवरात्र को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। विभिन्न पूजा समितियों का गठन कर आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है। वहीं पूजा पंडालों के निर्माण का सिलसिला भी शुरू हो गया है। जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चेरवापारा के मुख्य मार्ग पर पूजा पंडाल निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है।

11 अक्टूबर से शुरू होगा शारदीय नवरात्र

शक्ति आराधना का पर्व शारदीय नवरात्र इस वर्ष 11 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। पितृपक्ष समाप्त होने के बाद नवरात्र की शुरूआत होगी। पूजा समितियों द्वारा नवरात्र को लेकर तैयारियां तेज की जा रही हैं। नवरात्र के दौरान नौ दिनों तक माता दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना के साथ शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक आयोजन होंगे।



मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार

शारदीय नवरात्र को देखते हुए मूर्तिकार भी मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर बाहर से आए मूर्तिकार प्रतिमाओं में रंग-रोगन एवं सजावट का कार्य कर रहे हैं। प्रथम पूज्य भगवान गणेश की प्रतिमाओं का निर्माण पूरा करने के बाद अब मूर्तिकार मां दुर्गा एवं अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को तैयार करने में जुटे हैं। आने वाले दिनों में प्रतिमाओं को अंतिम रूप देकर पूजा समितियों को सौंपने का सिलसिला शुरू होगा।

मेगा हेल्थ कैंप का स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी ने किया शुभारंभ

जिले को जल्द मिलेगा मेंटल हास्पिटल

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत चिरमिरी के पोड़ी स्थित मंगल भवन में बुधवार से दो दिवसीय मेगा हेल्थ कैंप का शुभारंभ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिक निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय की अध्यक्षता में हुआ।

- चिरमिरी में एक छत के नीचे जुटे विशेषज्ञ डॉक्टर

30 सितंबर एवं 01 अक्टूबर को आयोजित इस शिविर में जिलेवासियों को विभिन्न गंभीर एवं सामान्य बीमारियों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। शिविर में 10 हजार लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं जनप्रतिनिधियों ने अटल परिसर पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद मंगल भवन में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर मेगा हेल्थ कैंप का विधिवत शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने शिविर में लगाए गए विभिन्न स्वास्थ्य स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध जांच, उपचार एवं अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत चिरमिरी में यह मेगा हेल्थ कैंप आयोजित किया गया है।





8 डेथ बॉडी फ्रिजर स्वास्थ्य विभाग को सौंपे

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने हितग्राहियों को छड़ी, कान की मशीन, आयुष्मान कार्ड एवं टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पोषण आहार प्रदान किया। इसके साथ ही 8 डेथ बॉडी फ्रिजर एमसीबी स्वास्थ्य विभाग को सौंपे गए। मेगा हेल्थ कैंप में रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों को स्वास्थ्य मंत्री द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

अधिक से अधिक लोग शिविर का उठाएं लाभ

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नागरिकों से मेगा हेल्थ कैंप का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को हाथ-पैर से संबंधित समस्या है, जिन्हें कम दिखाई देता है अथवा आंखों से जुड़ी कोई परेशानी है, वे शिविर में पहुंचकर विशेषज्ञ चिकित्सकों से जांच एवं उपचार कराएं। रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों से विशेषज्ञ चिकित्सकों को यहां लाया गया है, जिससे जिलेवासियों को अपने ही क्षेत्र में विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में 10 हजार लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार का लक्ष्य रखा गया है। हाथ-पैर से संबंधित जरूरतमंद हितग्राहियों का पंजीयन भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत में ही 5 लोगों ने नेत्रदान, 10 लोगों ने अंगदान तथा 3 लोगों ने देहदान का संकल्प लिया है। उन्होंने जिलेवासियों से भी इस मानवीय पहल से जुड़ने की अपील की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि लिवर, किडनी और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित जरूरतमंद मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए शासन स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। आवश्यकता के अनुसार देश के विभिन्न अस्पतालों में उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में जल्द ही मेंटल हॉस्पिटल भी शुरू किया जाएगा, जिसके लिए चिकित्सकों की व्यवस्था की जा चुकी है।

कलेक्टर ने लिया देहदान का संकल्प

मेगा हेल्थ कैंप में कलेक्टर के देहदान संकल्प की जानकारी सामने आने के बाद चिकित्सकों, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और उपस्थित नागरिकों ने इसकी सराहना की।

लोगों ने कहा कि जिले के प्रशासनिक प्रमुख द्वारा स्वयं आगे बढ़कर देहदान का संकल्प लेना समाज में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण संदेश देता है। विशेषकर ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में अंगदान एवं देहदान को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने के लिए इस तरह की पहल जागरूकता का प्रभावी माध्यम बन सकती है। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों, युवाओं और सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे अंगदान एवं देहदान के महत्व को समझें और इससे जुड़ी सही जानकारी समाज तक पहुंचाएं।



उन्होंने कहा कि मानव जीवन के बाद भी किसी अन्य व्यक्ति की शिक्षा, चिकित्सा और जीवन बचाने की प्रक्रिया में योगदान देना सेवा की भावना का महत्वपूर्ण उदाहरण हो सकता है।

मांगों को लेकर स्कूल सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छत्तीसगढ़ अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की कोरिया इकाई ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार 30 सितंबर को प्रेमाबाग परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिलेभर से पहुंचे स्कूल सफाई कर्मचारियों ने प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने के लिए रैली निकाली।

रैली को ओडगी नाका पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया, जहां प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। धरना-प्रदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में स्कूल सफाई कर्मचारी शामिल हुए। इनमें महिला सफाई कर्मचारियों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही। कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए शासन से शीघ्र निराकरण की मांग की।



ओड़गी नाका पर पुलिस बल रहा तैनात

रैली के मद्देनजर ओडगी नाका पर पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रदर्शनकारियों के पहुंचने से पहले मुख्य मार्ग पर कुछ समय के लिए वाहनों की आवाजाही रोकी गई थी। पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स के पास प्रदर्शनकारियों को रोककर ज्ञापन सौंपने की व्यवस्था की गई। ज्ञापन सौंपने के बाद बैरिकेड्स हटा दिए गए और मार्ग पर यातायात सामान्य रूप से संचालित होने लगा।

कोरिया में मिलेगी हाईटेक वेंटीलेटरयुक्त एंबुलेंस



बैकुण्ठपुर। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा कोरिया की समीक्षा बैठक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभा कक्ष में राज्य चेयरमेन तोमन साहू की अध्यक्षता तथा कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्रीमती रोक्तिमा यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सह सचिव डॉ बलवंत सिंह, भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा कोरिया की वाइस चेयर मेन श्रीमती गीता राजवाड़े, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, राज्य प्रतिनिधि कमलेश शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में रेडक्रॉस की विभिन्न सेवा गतिविधियों की समीक्षा करते हुए राज्य चेयरमैन तोमन साहू ने कहा कि इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी का मूल आधार मानवीय सेवा, सहयोग एवं संवेदना है। उन्होंने समीक्षा बैठक में जूनियर रेडक्रॉस एवं यूथ रेडक्रॉस को मजबूत करने, सदस्यता अभियान बढ़ाने, रक्तदान एवं अंगदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा सिकल सेल, टीबी एवं एड्स नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय पर जोर दिया।

- राज्य चेयरमैन तोमन ने ली रेडक्रास की समीक्षा बैठक

चित्रकला-पेंटिंग, क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता

मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भरतपुर में प्राथमिक एवं माध्यमिक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, ज्ञान, अभिव्यक्ति क्षमता एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हुए उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना रहा।

न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
रा.प.क्र.-./20(1)/2025-26

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका कृष्ण कुमार अग्रवाल आ./पति स्व. श्री ताराचंद अग्रवाल जाति निवासी जूना गढ़ी नगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला जवाहर मार्केट, शीट नम्बर -1 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3/127 रकबा 0.46 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनाक 06.10.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 21.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

आज मिनी स्टेडियम में होंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के तहत 1 अक्टूबर को बैकुण्ठपुर के शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल के मिनी स्टेडियम में विभिन्न सेवा, स्वास्थ्य, जागरूकता और जनभागीदारी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ सेवा दान महाअभियान और वृहद निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। इस दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी भी दी जाएगी। आइए, किसी चेहरे की मुस्कान का हिस्सा बनें की भावना के साथ जिले में सेवा दान महाअभियान संचालित किया जा रहा है।



अभियान में नागरिकों, अधिकारियों, सामाजिक संगठनों, समाज प्रमुखों और विभिन्न प्रतिनिधियों की सहभागिता लगातार बढ़ रही है। सरपंच संघ सहित विभिन्न प्रतिनिधियों ने दान सामग्री उपलब्ध कराकर अभियान में सहभागिता की है। इसी क्रम में ब्राह्मण समाज के संरक्षक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष जय नाथ बाजपेई की ओर से वंचित बच्चों के सहयोग के लिए खिलौने प्रदान किए गए। वहीं ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष श्री बृज नारायण मिश्रा ने भी बच्चों के लिए खिलौने दान कर अभियान में सहभागिता की। अभियान के तहत घर में अनुपयोगी, लेकिन उपयोगी स्थिति में उपलब्ध कपड़े, किताबें, कॉपियां, खिलौने, शैक्षणिक एवं खेल सामग्री सहित अन्य वस्तुएं दान की जा सकती हैं। नागरिक क्यूआर कोड के माध्यम से पंजीयन कर दान की जाने वाली सामग्री की जानकारी दर्ज करा सकते हैं। 1 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रामानुज मिनी स्टेडियम में विशेष सेवा दान आयोजन होगा। नागरिक इस अवसर पर अपने घर की उपयोगी सामग्री लेकर पहुंच सकते हैं।

मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में बनेगी 7676 फीट की रंगोली

बैकुण्ठपुर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा के रंग, राष्ट्र के संग थीम पर जिला स्तरीय विशाल रंगोली का निर्माण 7 अक्टूबर 2026 को मिनी स्टेडियम बैकुंठपुर में किया जाएगा। लगभग 7676 फीट आकार की इस रंगोली के माध्यम से सेवा, राष्ट्रभाव और सामूहिक सहभागिता का संदेश प्रस्तुत किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रंगोली का प्रारूप 6 अक्टूबर की शाम तक आर्टिस्ट द्वारा तैयार किया जाएगा। इसके बाद 7 अक्टूबर को प्रातः 9 बजे से विद्यार्थी एवं वॉलंटियर्स रंगोली को पूर्ण स्वरूप प्रदान करेंगे। रंगोली का निर्माण सेवा ज्योति यात्रा के समापन स्थल पर किए जाने के निर्देश हैं। इस सामूहिक आयोजन में जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के एनएसएस, एनसीसी एवं अन्य चयनित विद्यार्थी सहभागी होंगे। इसके साथ ही एसएसजी एवं स्थानीय कलाकारों की भी सहभागिता रहेगी।

साइबर ठगी से बचने ग्रामीणों को दिए सुरक्षा के टिप्स

बैकुण्ठपुर। जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागृति अभियान के तहत बुधवार को ग्राम ओड़गी में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर ने चौपाल में ग्रामीणों को साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि डिजिटल तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर अपराध के मामले भी सामने आ रहे हैं। साइबर ठग लोगों को लालच, डर और जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए मजबूर कर ठगी का शिकार बनाते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से सतर्क रहने और किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाता, एटीएम पिन, यूपीआई पिन और मोबाइल पर प्राप्त ओटीपी साझा नहीं करने की अपील की। एसपी ने कहा कि व्हाट्सएप, एसएमएस या अन्य माध्यमों से प्राप्त संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। लॉटरी, नौकरी, इनाम या कम समय में पैसा दोगुना करने जैसे लालच देने वाले संदेशों से भी सावधान रहने की जरूरत है। फर्जी पुलिस अधिकारी, बैंक अधिकारी या कस्टमर केयर प्रतिनिधि बनकर आने वाले अनजान कॉल पर व्यक्तिगत अथवा बैंकिंग जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी हो जाती है तो समय गंवाए बिना साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। इसके साथ ही राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने तथा तत्काल नजदीकी थाना या साइबर सेल को सूचना देने की सलाह दी गई। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने साइबर अपराध से संबंधित अपनी जिज्ञासाएं और समस्याएं भी रखीं, जिनका पुलिस अधिकारियों ने समाधान किया। ग्रामीणों ने पुलिस की इस जागरूकता पहल की सराहना की। कार्यक्रम में स्थानीय पुलिस अधिकारी, सरपंच, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

बैकुंठपुर और सोनहत विकासखंड में लगेंगे शिविर

बैकुण्ठपुर। जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार के तहत विकासखंड स्तर पर सेवा सेतु शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का उद्देश्य नागरिकों से प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण करते हुए विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन में जिले में बैकुंठपुर और सोनहत विकासखंड के निर्धारित स्थानों पर अक्टूबर के पहले सप्ताह में शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में नागरिक अपनी आवश्यकता के अनुसार विभिन्न शासकीय सेवाओं से संबंधित आवेदन एवं समस्याएं लेकर पहुंच सकते हैं। **कहां और कब लगेंगे शिविर**–बैकुंठपुर विकासखंड में 1 अक्टूबर 2026 को नगरीय निकाय बैकुंठपुर में, 3 अक्टूबर को निकाय पटना में तथा 4 अक्टूबर को ग्राम पंचायत बचरा में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया जाएगा।

TOP IN SURGUJA

PUSHPENDRA COLLEGE OF PHARMACY AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Lalmati Lundra, Ambikapur Dist- Surajpur (C.G.)
9407634704, 7509172393

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
CGHS से मान्यता प्राप्त
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON)

INSTITUTE OF PHARMACY RESEARCH CENTRE
ADMISSION OPEN LIMITED SEAT
ACADEMIC SESSION 2026-27
फार्मेसी काउंसलिंग के प्रथम चरण हेतु तिथियां
COURSES
D.Pharmacy 2 years (science & math +PPHT)
B.Pharmacy 4 years (science & math +PPHT)
D.Pharmacy 3 years (Lateral Entry D.Pharmacy)
फार्मेसी में अपना भविष्य उज्जवल बनाएं अभी कॉल करें
पंजीयन (Registration) 01 सितंबर से 05 सितंबर तक
मेरिट लिस्ट जारी 06 सितंबर 2026
दावा आपत्ति 07 सितंबर 2026
आबंटन/रिजल्ट 08 सितंबर 2026
प्रवेश 09 सितंबर 2026 से 11 सितंबर 2026 तक
Add: Krishnapur Kalua Bharuhamunda Road, Dist- Surajpur (C.G.)
9165265258, 8889110739, 9244175446

सरगुजा मार्केट

प्राकृतिक उपचार • आयुर्वेदिक समाधान • बेहतर जीवन
आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा इलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे हैं अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भूत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए
परामर्श शुल्क 500₹
मिलने का समय:- दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक
विशेष लाभ
रूहानी जड़ी-बूटी से इलाज
प्राकृतिक एवं सुरक्षित उपचार
बिना ऑपरेशन, बिना साइड इफेक्ट
गुप्त और विश्वसनीय सेवा
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
कुशल, अनुभवी एवं संवेदनशील चिकित्सक
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

खबर संक्षेप

विधायक ने नव निर्मितत महतारी सदन भवन का किया लोकार्पण

कुसमी। सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने नव निर्मित महतारी सदन भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंती भगत द्वारा उपस्थित लोगों एवं समूह के दीदियों को बताया कि यह भवन आप लोगों के लिए बना है। आप लोगों को बैठक करने हेतु इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। केंद्र एवं की भाजपा सरकार एवं राज्य की विष्णु देव की सरकार आप सभी को समूह के माध्यम से लोन दिलाकर आगे बढ़ने की रास्ता को आसान कर दिया है। , बैंक से लोन लेकर आप सभी लोग छोटा छोटा व्यवसाय कर अपना जीवन यापन अच्छे से कर सकते है। कार्यक्रम का सफल संचालन अमरेश यादव द्वारा किया गया। साथ ही विधायक सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा बीटीआई कार्यालय एवं महतारी सदन भवन में दोनों जगह फलदार पौधारोपण किया। इस दौरान अशोक सोनी, आनंद जायसवाल, शशि टोप्पो, जन्मजय सिंह, केदार गुप्ता, लक्ष्मण सिंह पैकरा, राकेश भारती, माधुरी लकड़ा, अर्जुन यादव, महेंद्र यादव, राजेश्वर गुप्ता, इंद्र देव निकुंज, देव साय भगत, सीजे प्रजापति, राजेश्वर यादव, लल्लू यादव, पारस पाल, रमेश भगत, अभिषेक गुप्ता मनोज गुप्ता, डॉ. महेंद्र सिंह मरकाम सहित अन्य मौजूद रहे।

बरियों में महतारी सदन का लोकार्पण, विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने छठ घाट में किया श्रमदान

बलरामपुर। सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा ने ग्राम बरियों में महतारी सदन का लोकार्पण कर इसे ग्रामीणों को समर्पित किया। महतारी सदन से महिलाओं एवं समुदाय को स्थानीय स्तर पर आवश्यक सुविधाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर विधायक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल का संदेश दिया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में सेवा संकल्प अभियान की स्वच्छता ही सेवा गतिविधि के तहत छठ घाट में सामूहिक श्रमदान किया गया। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर घाट परिसर की साफ-सफाई की तथा स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने और सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी



रामचन्द्रपुर। शासकीय महाविद्यालय में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक नमोः गाथा की प्रस्तुति ग्राम पंचायत भवन विशुनपुर में दी गयी। कार्यक्रम में छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से नमामि गंगे योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल-जल घर योजना, उज्जवला योजना, अग्निवीर योजना, पीएम सूर्यघर योजना, 112 योजना, भारत माला योजना, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं योजना की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के पूर्व छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय से रैली कार्यक्रम स्थल तक रैली निकाली। अभियान के नोडल डॉ.गुलशन केरकेट्टा ने बताया कि सेवा संकल्प के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रंगोली प्रतियोगिता और केंद्र सरकार की योजनाओं से ग्रामवासियों, स्कूली बच्चों को अवगत कराया गया।

शासकीय महाविद्यालय में रासेयो ने मनाया शहीद दिवस

रामचंद्रपुर। शासकीय महाविद्यालय में रासेयो द्वारा शहीद भगत दिवस मनाया गया। डॉ.भूपेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि भगत सिंह 23 वर्ष की उम्र में देश के लिए बलिदान हो गये। उनके साथ राजगुरू और सुखदेव को 23 मार्च 1931 को फांसी पर लटका दिया गया। भगत सिंह स्वदेशी आंदोलन में गरम दल के नेता रहे है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गुलशन केरकेट्टा ने बताया कि वर्ष 1928 में गरमदल के नेता लाला लाजपत राय की लाठीचार्ज में मृत्यु हो गई। लाठीचार्ज को आदेश देने वाले साण्डर्स की भगत सिंह एवं उनके साथियों ने गोली मारकर हत्या कर दी।

अंकेक्षण पूर्व तैयारी समझने विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक सर्वेक्षण



वाड्रफनगर। शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय के बी.कॉम, पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने डॉ.अनिल नायर एवं सुश्री शालिनी कुजूर के मार्गदर्शन में कैशपॉर माइक्रो क्रेडिट संस्था, जैन क्लॉथ्स एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा का शैक्षणिक सर्वेक्षण किया।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने लिया चिकित्सकीय परामर्श



वाड्रफनगर। शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर में छात्र-छात्राओं के दांत, आंख एवं रक्त की जांच की गई। जांच के दौरान विद्यार्थियों को दांतों की नियमित सफाई, आंखों की देखभाल, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। आंखों एवं दांतों से जुड़ी समस्याओं को लेकर विद्यार्थियों ने चिकित्सकों से परामर्श लिया। रक्त जांच के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। चिकित्सकों ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने की सलाह दी।

लोगों की भीड़ और वाहनों के आने जाने से पढ़ाई पर पड़ रहा असर

स्कूल परिसर में धान खरीदी केंद्र खोल देने से बढ़ी बच्चो की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवटी/प्रतापपुर

शिक्षा के मंदिर में जहां बच्चों की पढ़ाई और खेलकूद की गतिविधियां होनी चाहिए, वहां धान खरीदी केंद्र संचालित होने से विद्यार्थियों को न सिर्फ कई तहर की परेशानियों का सामना करना पड़ता है बल्कि इसका असर बच्चों के पढ़ाई पर भी पड़ता है। कुछ इस तरह की स्थिति रेवटी डांडकरवा में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं मिडिल स्कूल छिरमहुआ की है। जहां स्कूल परिसर में सहकारी सेवा समिति द्वारा धान खरीदी केंद्र बनाया गया है। धान खरीदी केंद्र बनाए जाने से अब स्कूल में पढ़ाई करने वाले करीब 600 छात्र-छात्राओं की पढ़ाई, सुरक्षा और मूलभूत सुविधाएं प्रभावित होने लगी है और अभिभावक और ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

खास बात
- एक हैंडपंप होने से पेयजल की समस्या

रेवटी डांडकरवा में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं छिरमहुआ मिडिल स्कूल संयुक्त रूप से संचालित है। विद्यालय में लगभग 6 छात्र छात्राएं पढ़ाई करते है। इसी बीच स्कूल परिसर में में सहकारी सेवा समिति द्वारा धान खरीदी केंद्र बनाया गया है। धान खरीदी केंद्र में दिनभर ट्रैक्टर-ट्रॉली, हम्माल, किसानों और वाहन चालकों की आवाजाही बनी रहती है। विद्यालय परिसर में बाहरी लोगों की भीड़ के कारण शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होने का आरोप पालकों और ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार धान खरीदी के दौरान विवाद और गाली-गलौज जैसी स्थिति भी निर्मित होती है, जिससे कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चों पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है जिसे लेकर अभिभावक चिंतित है। अभिभावक व ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय परिसर को धान खरीदी केंद्र के लिए उपयोग करने के बजाय इसके लिए कोई वैकल्पिक स्थान निर्धारित किया जाना चाहिए, ताकि बच्चों की पढ़ाई, पेयजल व्यवस्था, खेलकूद और सुरक्षा प्रभावित न हो। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द विद्यालय परिसर से धान खरीदी केंद्र हटाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन और चक्काजाम जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे।



एक हैंडपंप के भरोसे करीब 600 विद्यार्थी

विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार पूरे परिसर में फिलहाल एक ही हैंडपंप है, जिसका उपयोग विद्यार्थियों के साथ धान खरीदी केंद्र में आने वाले हम्माल और वाहन चालक भी करते हैं। इससे बच्चों को पानी पीने के लिए कतार में लगना पड़ता है। हैंडपंप के आसपास गंदगी और धूल के कारण स्वच्छता को लेकर भी चिंता बनी हुई है।

खेल मैदान में खड़ी रहती हैं ट्रैक्टर-ट्रॉलियां

धान खरीदी केंद्र के चलते विद्यालय का खेल मैदान भी प्रभावित हो रहा है। मैदान में धान की बोरियां, तौल कांटे और ट्रैक्टर-ट्रालियां खड़ी रहने से विद्यार्थियों के लिए खेलकूद की गतिविधियां बाधित हैं। स्कूल समय में भारी वाहनों की आवाजाही से बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी पालकों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि अवकाश के दौरान बच्चों के मैदान में जाने पर किसी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

बनाई जाएगी व्यवस्था

स्कूल परिसर में धान खरीदी केन्द्र संचालित है वहा व्यवस्था बनाने हेतु उपाय किया जाएगा। समस्या के आधार पर जांच कर व्यवस्था सुधार करने की कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही मौके पर निरीक्षण किया जाएगा।

-ललिता भगत, एसडीएम प्रतापपुर

विकसित भारत पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

सेवा संकल्प अभियान के तहत मेरे सपनों का भारत-विकसित भारत विषय पर विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन शा स की य बा ल क उ च्च त र माध्यमिक विद्यालय रामानुजगंज के सभाकक्ष में किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड रामचंद्रपुर के अंतर्गत आने वाले 48 संकुलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल उपस्थित रहे।

- 48 संकुलों के छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विकसित भारत 2047 की परिकल्पना, देश के भविष्य, विकास, शिक्षा, तकनीकी एवं राष्ट्र निर्माण जैसे विषयों को चित्रों और भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और विचारों के माध्यम से विकसित भारत के सपने को सामने रखा। प्रतियोगिता के दौरान चित्रकला एवं भाषण विधा में जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रतिभागियों को नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं विकासखंड स्तर पर प्रतिभागियों को पेन एवं मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में रचनात्मकता, अभिव्यक्ति की क्षमता और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों ने भी आयोजन को लेकर उत्साह व्यक्त किया। इस दौरान जनपद पंचायत रामचंद्रपुर के उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, कन्हैया लाल अग्रवाल, सीताराम गुप्ता, शैलेश गुप्ता, विकास गुप्ता,अरुण केसरी सहित अन्य उपस्थित थे।





सेवा संकल्प अभियान के तहत हुआ विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता

कुसमी। सेवा संकल्प अभियान के तहत सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य में विकासखंड स्तरीय चित्रकला प्रदर्शनी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के तहत विकासखंड स्तर के सभी छात्र छात्राओं द्वारा द्वारा एक से एक मनमोहक चित्रकला के साथ साथ भाषण प्रस्तुत किया। ग्राम पंचायत स्तर एवं नगर पंचायत स्तर के सभी बालक बालिकाओं को चित्रकला एवं भाषण का आयोजन कराते हुए प्रत्येक विद्यालय से 2-2 छात्र छात्राओं को चुनकर विकासखंड स्तर पर यह आयोजन किया जा रहा है, विकासखंड स्तर पर चयन होने के बाद जिला स्तर पर 3 अक्टूबर को इस प्रतियोगिता को आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन करते हुए सभी छात्र छात्राओं को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक दीपक सिन्हा द्वारा किया गया।

लरंग साय की स्मृति में 2 अक्टूबर से जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

बलरामपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.लरंग साय की स्मृति में लरंग साय सेवा समिति द्वारा जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 2 अक्टूबर से किया जाएगा। प्रतियोगिता स्व लरंग साय के गांव ग्राम पंचायत चिरई-जसवंतपुर में गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। प्रतियोगिता में सनातन संत समाज के अध्यक्ष वबरूर वाहन महाराज, गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, सामरी विधायक उद्देश्वरी पैकरा, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल तथा पूर्व अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा के आतिथ्य में प्रारंभ होगी।

- विजेता को 1,11,111 और उपविजेता को 55,555 का पुरस्कार

साय सेवा समिति के अध्यक्ष रामलखन सिंह पैकरा ने बताया कि प्रतियोगिता में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले की टीमों को शामिल किया जाएगा तथा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विजेता टीम को 1,11,111 तथा उपविजेता टीम को 55.555 रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागी टीम का प्रवेश शुल्क 2,100 निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला 21 अक्टूबर को खेला जाएगा। आयोजन को लेकर गत दिनों ग्राम पंचायत भवन चिरई में समिति की बैठक की गई। बैठक में कोरवाराम, दयाराम, सरपंच बुधनाराम, खगेश साय, अभय पैकरा, धर्मेंद साय समिति के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



छग किसान सभा के सम्मेलन में जिला समिति का गठन

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ किसान सभा का जिला सम्मेलन लुंड्रा के ग्राम ढूंन्दु में हुआ। अध्यक्ष दिलसाय नाग द्वारा झडोत्तोलन के पश्चात सचिव सीपी शुक्ला ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सम्मेलन में 21 सदस्यीय जिला समिति का गठन किया गया जिसमें दिलसाय नाग पुनः अध्यक्ष एवं सोनू सांडिल्य सचिव चुने गए। सम्मेलन में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने, किसानों का कर्ज माफ करने, एमएसपी कानून को लागू करने, आगामी महीनों में धान क्रय को सुगम बनाने के संबंध में प्रस्ताव पारित किए गए।

नेत्रहीन विद्यार्थियों के बीच मनाया गया पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जय हिंद का जन्मदिन बुधवार को नेत्रहीन विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच आत्मीयता और संवेदनशील वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने विद्यार्थियों के साथ समय बिताया, उनसे बातचीत की, जलपान किया और उनके साथ केक काटकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में संस्था की प्राचार्य श्रीमती आनंदी एक्का ने विद्यालय की गतिविधियों, विद्यार्थियों की शिक्षा, उनकी प्रतिभाओं तथा संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय समन्वयक लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए वास्तव में एक यादगार दिन रहा। जन्मदिन की खुशी यदि उन बच्चों के साथ साझा की जाए, जो जीवन की चुनौतियों के बावजूद पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं, तो उसका आनंद और भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि आंखों की रोशनी सीमित हो सकती है, लेकिन हौसलों की रोशनी को कोई सीमा नहीं रोक सकती। जिला ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष ईश्वर सोनी ने कहा कि आज का दिन हमारे लिए बेहद खास और यादगार रहा। बच्चों के बीच बैठकर उनसे बातचीत करना और उनके साथ खुशी साझा करना मन को बहुत सुकून देने वाला अनुभव रहा। जिला कांग्रेस सचिव अविनाश ठाकुर ने कहा कि आज हम सभी ने महसूस किया कि खुशी बांटने से ही बढ़ती है। बच्चों ने जिस आत्मीयता के साथ स्वागत गीत गाकर हमारा स्वागत किया, वह पल हम कभी नहीं भूलेंगे। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष सुशीला भगत, अतहर अली, संतोष गोस्वामी सहित अन्य मौजूद थे।



नपं बिश्रामपुर में स्वच्छता मित्रों व दीदियों का किया गया सम्मान

बिश्रामपुर। नगर पंचायत बिश्रामपुर कार्यालय परिसर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देशन में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत 'स्वच्छता सफाई, सुरक्षा एवं सम्मान शिविर' का आयोजन किया गया,शिविर में नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी एवं एसएलआरएम सेंटर की स्वच्छता दीदियां शामिल हुईं।कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम के शुभारंभ का सीधा प्रसारण किया गया,इस अवसर पर नगर की साफ-सफाई में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले स्वच्छता मित्रों एवं स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया,साथ ही कार्यस्थल पर व्यक्तिगत सुरक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता तथा सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग की जानकारी दी गई,अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता कर्मी शहर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनका सम्मान करना सभी की जिम्मेदारी है,कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों एवं स्वच्छता दीदियों ने बिश्रामपुर को स्वच्छ बनाए रखने तथा स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी

तहसील कार्यालय तक जर्जर सड़क के मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



तहसील कार्यालय से गांधी चौक तक बदहाल और खुदी पड़ी सड़क की मरम्मत न होने से नाराज तहसील अधिवक्ता संघ राजपुर ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

संघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी है कि यदि सड़क का निर्माण कार्य तत्काल शुरू नहीं कराया गया तो 30 सितंबर को व्यवहार न्यायालय के सामने दोपहर 2 बजे चक्का जाम आंदोलन किया जाएगा। अधिवक्ता संघ के अनुसार तहसील कार्यालय से गांधी चौक तक सड़क निर्माण के नाम पर ठेकेदार द्वारा मार्ग को लापरवाहीपूर्वक खोदकर छोड़ दिया गया है। इस अत्यंत जर्जर मार्ग को बनवाने के लिए संघ ने पूर्व में 9 सितंबर को भी एसडीएम को ज्ञापन देकर आग्रह किया था किंतु अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसी मुख्य मार्ग पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (अस्पताल) एवं व्यवहार न्यायालय स्थित हैं। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे और धूल के कारण रोजाना आने-जाने वाले मरीजों, आम नागरिकों, अधिवक्ताओं और न्यायालयीन पक्षकारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तहसील से न्यायालय के बीच आवागमन में लगातार बाधा उत्पन्न हो रही है। अधिवक्ता संघ ने मांग की है कि व्यवहार न्यायालय से लेकर तहसील कार्यालय तक लगभग 200 मीटर से कम दूरी का निर्माण कार्य तुरंत शुरू कर अविलंब पूरा किया जाए। गांधी चौक अथवा पानी टंकी तक के पूरे हिस्से की सड़क का निर्माण कार्य भी बिना देरी के कराया जाए। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जय गोपाल अग्रवाल एवं सचिव सुनील सिंह ने बताया कि संघ विवश होकर आंदोलन का रास्ता चुन रहा है। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बलरामपुर तथा थाना प्रभारी राजपुर को भी आवश्यक कार्रवाई व सुरक्षा व्यवस्था हेतु प्रेषित की गई है।

राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में महाविद्यालय के 6 विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

खेल के मैदान में ग्रामीण अंचल के युवाओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा, अनुशासन और कड़ी मेहनत का परचम लहराते हुए क्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। दंतेवाड़ा में शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 26 एवं 27 सितंबर को आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में सूरजपुर सेक्टर की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया है। सूरजपुर सेक्टर की इस ऐतिहासिक सफलता में शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर के 6 विद्यार्थियों की मुख्य भूमिका रही। इन खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन तालमेल और रणनीति के बल पर न केवल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि अपने महाविद्यालय और जिले को प्रदेश स्तर पर एक नई पहचान भी दिलाई। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि से पूरे प्रेमनगर महाविद्यालय परिवार और स्थानीय खेल प्रेमियों में अपार हर्ष और गौरव का वातावरण है।

- सूरजपुर सेक्टर ने जीता तृतीय स्थान



राज्य स्तर के इस प्रतिष्ठित आयोजन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न संभागों एवं जिलों से आई कुल 12 उत्कृष्ट टीमों ने भाग लिया था। दंतेवाड़ा के मुख्य मंच तक पहुँचने से पूर्व सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता में प्रेमनगर महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय को शिकस्त दी थी और सूरजपुर सेक्टर की ओर से राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करने की पात्रता हासिल की थी। इस जीत के बाद खिलाड़ियों के हौसले बुलंद थे और उन्होंने दंतेवाड़ा की स्पर्धा में भी अपनी इसी लय को बरकरार रखा। दंतेवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में सूरजपुर सेक्टर का सामना कोरबा सेक्टर की टीम से हुआ। मैच की शुरुआत से ही सूरजपुर के खिलाड़ियों ने रेडिंग और डिफेंस में बेहतरीन संतुलन बनाए रखा और आक्रामक रणनीति अपनाते हुए कोरबा को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में सूरजपुर का मुकाबला बस्तर सेक्टर के साथ हुआ। बेहद कड़े और रोमांचक मुकाबले में सूरजपुर के खिलाड़ियों ने धैर्य, अनुशासन और रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए बस्तर को मात दी और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। सेमीफाइनल मुकाबले में सूरजपुर का सामना रायपुर सेक्टर की मजबूत टीम से हुआ, जहां दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। सूरजपुर के खिलाड़ियों ने मुकाबला जीतने के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन रायपुर की टीम ने 40-24 के अंतर से जीत हासिल की। सेमीफाइनल की हार के बाद भी खिलाड़ियों का मनोबल कम नहीं हुआ और उन्होंने तृतीय स्थान के लिए हुए मुकाबले में बलौदाबाजार सेक्टर के खिलाफ दोगुने उत्साह से मैदान में वापसी की। इस मैच में सूरजपुर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए बलौदाबाजार को करारी शिकस्त दी और प्रतियोगिता में तृतीय स्थान अपने नाम कर लिया। खिलाड़ियों की इस बड़ी उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी सुश्री रेखा जायसवाल ने कहा कि हमारे महाविद्यालय के छः विद्यार्थियों ने राज्य स्तर की प्रतिष्ठित स्पर्धा में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवा कर पूरे प्रेमनगर महाविद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है।



अभा यादव महासभा के राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर शिक्षा मंत्री से मिले समाज के प्रतिनिधि

राजपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रस्तावित राष्ट्रीय सम्मेलन को लेकर समाज के प्रतिनिधियों ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात कर आयोजन की तैयारियों एवं रूपरेखा को लेकर चर्चा की। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राजपुर निवासी राजेश कुमार यादव ने बताया कि नवंबर माह में महासभा का राष्ट्रीय सम्मेलन दुर्ग जिले में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। सम्मेलन में बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, हरियाणा, दिल्ली सहित देश के विभिन्न राज्यों से समाज के पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके साथ ही समाज के बुद्धिजीवी एवं प्रबुद्धजन भी सम्मेलन में सहभागिता करेंगे। सम्मेलन को लेकर महासभा के पदाधिकारियों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात कर आगामी सम्मेलन की तैयारियों एवं आयोजन को लेकर आवश्यक चर्चा की। मुलाकात के दौरान महासभा के राष्ट्रीय सचिव डीआर यादव, प्रदेश अध्यक्ष भुनेश्वर यादव, प्रदेश सचिव परमेश्वर यादव, दुर्ग जिला अध्यक्ष बोधन राम यादव, प्रीतम यादव, उमेश यादव, अजय यादव एवं गिरीश यादव सहित समाज के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

रेलवे कर्मचारियों की 97वीं वार्षिक आम सभा संपन्न

सूरजपुर। दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-पूर्व मध्य एवं पूर्व तट रेलवे कर्मचारी सहकारी साख समिति कोलकाता की 97वीं वार्षिक आम सभा 25 सितंबर को फॉर्च्यून पार्क पंचवटी, संतरागाछी में संपन्न हुई। संयुक्त सहयोग से गठित परिवर्तन पैनल को समिति के अंशधारकों के बीच व्यापक रूप से समर्थित पैनल के रूप में जन समर्थन प्राप्त हुआ है। सभा के दौरान कुछ निहित स्वार्थ वाले व्यक्तियों द्वारा कार्रवाई में बाधा डालने और व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास किया गया। हालांकि उनके प्रयास असफल रहे और आम सभा निर्धारित एजेंडा एवं उप-नियमों के अनुसार सुचारू रूप से संपन्न हुई। चेयरपर्सन एसपी सिंह के नेतृत्व में एक बार फिर आम सभा का सफल समापन फिर से परिवर्तन पैनल के प्रति अंशधारकों के विश्वास और भरोसे को दर्शाता है। 97वें वार्षिक अधिवेशन में आए अधिकांश प्रतिनिधि चेयरपर्सन के द्वारा की गई व्यवस्था की सराहना की।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में पोषण और महिला कल्याण योजनाओं की दी गई जानकारी

रामानुजनगर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन, पंच तथा बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, मितानिनों एवं पंचों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे रथ अभियान का स्वागत किया गया। विभागीय टीम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने उपस्थित हितग्राहियों को पोषण आहार के महत्व की जानकारी दी। विशेष रूप से रेडी-टू-ईट पोषण आहार के सेवन से मिलने वाले पोषण संबंधी लाभों के बारे में महिलाओं को बताया गया। गर्भवती माताओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने की सलाह देते हुए मुनगा के पत्तों के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को अपने घरों में मुनगा का पौधा लगाने तथा उपलब्धता के अनुसार उसके पत्तों का भोजन में उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में शासन द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना के संबंध में भी महिलाओं को जानकारी दी गई। योजना के माध्यम से महिलाओं को मिलने वाले लाभ एवं पात्रता संबंधी जानकारी से महिलाओं को अवगत कराया गया। इस दौरान बीना गुप्ता, चंद्रकला उपाध्याय, मीना सिंह, मधु जायसवाल, प्रभा जायसवाल एवं ज्योति सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

यूपीएससी एवं सीजीपीएससी में सफल हुए अधिकारियों ने दिए सफलता के टिप्स

स्पष्ट लक्ष्य और निरंतर प्रयास से मिलेगी सफलता : पैकरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

खास बात
- सोसल मिडिया पर कम ध्यान देने व पढ़ाई पर ज्यादा जोर

सेवा संकल्प अभियान एवं सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत साधुराम सेवाकुंज सूरजपुर में प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थी सहित अन्य छात्र-छात्राओं के लिए केरियर मार्गदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वन विकास विभाग के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़कर रवि राज ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आवश्यक है कि सफलता प्राप्त करने के लिए कंफर्ट जोन से बाहर निकलना पड़ेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि सफलता प्राप्त करने का कोई शॉर्टकट नहीं है सफलता की एक ही कुंजी है कि आपको पूरी लगन के साथ मेहनत करना पड़ेगा। वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में किसी मुकाम तक पहुंचने के लिए अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने यूपीएससी एवं सीजीपीएससी में चयनित सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि पहले संसाधनों के अभाव में भी विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और लगन से सफलता प्राप्त की। एक समय ऐसा भी था, जब विद्यार्थी लालटेन और दीये की रोशनी में पढ़कर अपना भविष्य संवारते थे। आज अध्ययन के लिए अनेक सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध हैं। विद्यार्थियों को इनका बेहतर उपयोग करते हुए अपने लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास करना चाहिए। बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत करियर मार्गदर्शन युवाओं के भविष्य को नई दिशा देने और उन्हें अपने करियर के प्रति जागरूक बनाने में यह कार्यक्रम निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगा। ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को प्रेरणा देने के साथ अपने लक्ष्य तक पहुंचने का मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। विद्यार्थी जीवन भविष्य की नींव रखने का महत्वपूर्ण समय है। इस दौरान लिए गए निर्णय और किए गए प्रयास जीवन की दिशा तय करते हैं। कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने कहा कि हर अधिकारी की सफलता की अपनी एक अलग कहानी होती है। जब हम भी आपकी तरह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे, तब इसी तरह आपके स्थान पर बैठकर अपने भविष्य और करियर को लेकर अनेक सवालों के जवाब तलाशते थे। इसलिए आपकी जिज्ञासाओं और चुनौतियों को हम भली-भांति समझते हैं। स्पष्ट लक्ष्य, नियमित अध्ययन और निरंतर प्रयास से आप भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। यूपीएससी में चयनित डायमंड धुरव ने कहा कि सफलता का एक ही कुंजी होता है निरंतर प्रयास करते रहिये। उन्होंने अपने अधिकारी बनने के पूर्व की तैयारीयों की यादे विद्यार्थियों के साथ साझा किया। अजय गुप्ता ने कहा कि वे कृषक परिवार से हैं और उनकी सफलता में माता-पिता के सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने छठवें प्रयास में सफलता प्राप्त की। सरगुजा में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर सुश्री सुष्मिता टोंड्रे ने सीजीपीएससी की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन देते हुए कहा कि लक्ष्य की स्पष्टता और उसे प्राप्त करने की इच्छा तैयारी के दौरान प्रेरणा देती है। उन्होंने बताया कि जब उनसे साक्षात्कार में पूछा गया कि आप डिप्टी कलेक्टर क्यों बनना चाहते हैं जिस पर उन्होंने कहा कि अगर मैं डिप्टी कलेक्टर बनती हूं तो मेरे क्षेत्र के ऐसे कई लोगों का मनोबल बढ़ेगा और उनके भी हौसले बुलंद होंगे। श्री अंकित ने बताया कि वे बस्तर संभाग के बीजापुर से हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर संभाग के बीजापुर जिले से आते है, जो कभी नक्सल प्रभावित क्षेत्र था। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में निरंतरता आवश्यक है। अभ्यर्थियों को अपनी कमजोरियों और क्षमताओं को पहचानकर अध्ययन की रणनीति बनानी चाहिए। समय-सारणी तैयार करना और उसका नियमित पालन करना जरूरी है। उन्होंने युवाओं को सोशल मीडिया पर कम समय बिताने तथा पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। सूरजपुर में पदस्थ डिप्टी कलेक्टर यशवंत देवांगन ने कहा कि अभ्यर्थी सही अध्ययन सामग्री का चयन करें और महत्वपूर्ण विषयों के संक्षिप्त नोट्स बनाएं। तैयारी के दौरान आत्मविश्वास बनाए रखें तथा दूसरों से तुलना करने के बजाय अपने प्रदर्शन में निरंतर सुधार करें। इस दौरान कार्यक्रम में, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, जनपद अध्यक्ष सूरजपुर श्रीमती स्वाति सिंह, जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, रामकृपाल साहू, मुरली मनोहर सोनी, सत्यनारायण जायसवाल, राजेश महलवाला, शशिकांत गर्ग, संत सिंह, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, डीएफओ विपुल अग्रवाल, जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले सहित, यूपीएससी एवं सीजीपीएससी में चयनित अधिकारी डायमंड धुरव, अजय गुप्ता, सुश्री सुषमिता सिंह, सुश्री सुषमिता टोंड्रे, सुश्री वैभवी अग्रवाल, यशवंत देवागंन, अंकित सकनी, रौनक अग्रवाल, संजय, दर्शन सिंह बघेल अन्य अतिथि एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।



सफल विद्यार्थियों के साथ अधिकारी।



संयुक्त टीम ने किया शहर के ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने की गई पहल, सुरक्षा उपायों के लिए तैयार की गई रिपोर्ट

शहर के प्रमुख मार्गों में दुर्घटना संभावित क्षेत्र ब्लैक स्पॉट के चयन हेतु बुधवार को संयुक्त टीम ने निरीक्षण किया। यातायात के साथ ही परिवहन, एनएच, लोनिवि की संयुक्त टीम ने ब्लैक स्पॉट का चयन कर रिपोर्ट शासन को भेजा गया है।

बता दें कि शहर सहित जिलेभर में दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक ब्लैक स्पॉट भी है। ब्लैक स्पॉट के कारण आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार होते है। ऐसे में दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर सरगुजा पुलिस, परिवहन विभाग, एनएच और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। संयुक्त टीम ने रिंग रोड, बनारस रोड, खरसिया रोड, अंबिकापुर-बतौली मुख्य मार्ग एनएच 43, प्रतापपुर सहित अन्य दुर्घटना जन्य ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों एवं उनके निदान के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गई। सड़कों में आवश्यक तकनीकी सुधार, दुर्घटना जन्य क्षेत्र संबंधी चेतावनी बोर्ड लगाने, ब्लैक स्पॉट स्थलों पर डामरीकरण, संकेतकों के साथ स्पीड लिमिट बोर्ड लगाने संबंधी स्थलों का चिन्हांकन कर अग्रिम कार्यवाही हेतु संयुक्त कार्ययोजना एवं रिपोर्ट तैयार की गई। निरीक्षण के दौरान संयुक्त टीम में यातायात शाखा प्रभारी विजय कैवर्त्य, परिवहन विभाग से उनि एटी द्विवेदी, शिवराम परिडा, एनएच एसडीओ निखिल लकड़ा, लोनिवि उप अभियंता महेश साहू, थाना प्रभारी मणीपुर सीपी तिवारी, उप अभियंता, पीडब्ल्यूडी अनुभाग लुण्ड्रा श्रीमती सरिता ठाकुर, उप अभियंता, पीडब्ल्यूडी अनुभाग प्रतापपुर रोड श्रीमती पल्लवी दुबे, उप अभियंता, पीडब्ल्यूडी प्रमोद मिश्रा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

पासल जंगल में हिंसक वन्य जीव ने 10 बकरियों का किया शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर



- ग्रामीण भयभीत, वन अधिकारी बता रहे मौजूद है तेंदुआ

चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत पासल जंगल में हिंसक वन्यजीव की मौजूदगी से क्षेत्रवासी भयभीत है। मंगलवार को हिंसक वन्यजीव ने 10 बकरियों का शिकार किया है। सभी बकरियां जंगल में मृत अवस्था में मिली है।

ग्रामीणों के अनुसार रोज की तरह मंगलवार को सुबह चरवाहे गांव की बकरियों को चराने पासल जंगल में ले गए थे। अपराह्न 2 बजे वापस घर लौटने के उद्देश्य से चरवाहे बकरियों को इकट्ठा करने लगे तो कई बकरियां गायब थीं। चरवाहों द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद बकरियां जंगल में अलग-अलग स्थानों पर मृत मिली। मृत बकरियों के गर्दन एवं शरीर के अन्य हिस्सों में घाव के निशान मिले जबकि अधिकांश बकरियों के शव क्षत-विक्षत स्थिति में थे। चरवाहों की सूचना पर मृत बकरियों के मालिक ने घटना की जानकारी वन परिक्षेत्राधिकारी को दी। मृत 10 बकरियां ग्राम पासल निवासी मंगला सिंह एवं महाबल सिंह की बताई जा रही है। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी मेवालाल पटेल ने बताया कि पूर्व के वर्षों में सपहा एवं रामगढ़ जंगल में भी इस तरह की घटनाएं सामने आई थी। पासल जंगल में एक तेंदुआ के मौजूद होने की सूचना है। बकरियों का शिकार तेंदुआ द्वारा करने की संभावना है।

दिव्यांगों के लिए रखी व्हीलचेयर से ढोई गईं स्कूल की किताबें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में सामने आया मामला, शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल

संयुक्त जिला कार्यालय में दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए रखी गई व्हीलचेयर का इस्तेमाल स्कूल की किताबें ढोने में किए जाने का मामला सामने आया है। बुधवार को वाड्रफनगर विकासखंड के अलखखड़िहा स्थित स्कूल की किताबों को व्हीलचेयर के सहारे कलेक्टर कार्यालय के बाहर तक ले जाते देखा गया। इस घटना के बाद शिक्षा विभाग की कार्यशैली को लेकर चर्चा शुरू हो गई है।

बताया गया कि संयुक्त जिला कार्यालय में दिव्यांगजन की सुविधा के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई है, ताकि कार्यालय आने वाले जरूरतमंद दिव्यांग इसका उपयोग कर सकें



लेकिन बुधवार को इसी व्हीलचेयर का इस्तेमाल शिक्षा विभाग से संबंधित किताबों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने के लिए किया गया। वाड्रफनगर विकासखंड के अलखखड़िहा स्कूल से लाई गई किताबों को व्हीलचेयर पर रखकर कलेक्टर कार्यालय के बाहर तक ले जाया गया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों की नजर जब इस पर पड़ी तो मामला चर्चा का विषय बन गया। लोगों का कहना है कि दिव्यांगजन की सुविधा के लिए उपलब्ध संसाधन का उपयोग अन्य कार्यों के लिए किया जाना उचित नहीं है। शिक्षा विभाग की कार्यशैली को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में सामने आए इस मामले ने एक बार फिर विभागीय व्यवस्था और जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि किताबों को ले जाने के लिए व्हीलचेयर का उपयोग किसके निर्देश पर किया गया और इसके लिए विभाग के पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं थी, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले में संबंधित अधिकारियों का पक्ष सामने आने के बाद स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

खेत में मिली कन्या नवजात, रोने की आवाज सुनकर लोगों ने पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरिमा

मुख्य मार्ग से 500 मीटर दूर अंग्रेजी शराब दुकान के पास एक नवजात मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सुबह घूमने निकले लोगों ने खेतों की ओर से नवजात के रोने की आवाज सुनी तो खेत तक पहुंचे।

लोगों ने खेत में नवजात बच्ची को रोते देख उसे गोद में लेकर बाहर निकाला तथा तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां स्वास्थ्य कर्मियों ने तत्काल नवजात की साफ-सफाई कर आवश्यक उपचार किया। प्राथमिक उपचार के उपरांत नवजात को डायल 112 से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया साथ ही घटना की सूचना पुलिस को दी



गई। अनुमान लगाया जा रहा है जन्म के तत्काल बाद ही मां ने कन्या शिशु को खेत में फेंक दिया होगा। नवजात के माता-पिता के संबंध में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नवजात की देखरेख एवं उपचार किया जा रहा है। चिकित्सक उसके स्वास्थ्य को सामान्य बता रहे हैं।

जिला प्रशासन और प्रिज्मा एआई के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- खुलेगा कॉग्निटिव डेटा एनोटेशन सेंटर, दीदियों और युवाओं को मिलेगा एआई प्रशिक्षण व रोजगार

जिले की स्व-सहायता समूह की महिलाओं और शिक्षित ग्रामीण युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित आजीविका से जोड़ने के लिए आज कलेक्ट्रेट कक्ष में जिला प्रशासन बलरामपुर-रामानुजगंज और प्रिज्मा एआई के बीच कॉग्निटिव डेटा एनोटेशन सेंटर की स्थापना हेतु गैर-वित्तीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ ही बलरामपुर डेटा लेबलिंग एवं एआई के लिए कॉग्निटिव डेटा एनोटेशन सेंटर स्थापित करने वाला प्रदेश का पहला जिला बन गया है। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, जिपं सीईओ आशुतोष चतुर्वेदी, प्रिज्मा एआई के सीईओ डॉ. श्रीराम अय्यर, सीओओ अमिताभ राय चौधरी, सीटीओ विनीत कुमार झा एवं स्व-सहायता समूह से सुश्री सपना व सुश्री अनुजा उपस्थित रहीं। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने डेटा एनोटेशन सेंटर के माध्यम से संचालित की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि डेटा लेबलिंग एवं एआई संचालन में स्व-सहायता समूहों एवं स्थानीय युवाओं की सहभागिता



सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने प्रिज्मा एआई के साथ यह गैर-वित्तीय समझौता किया है। इसका मुख्य उद्देश्य डेटा एनोटेशन एवं संबंधित कॉग्निटिव डेटा-प्रोसेसिंग गतिविधियों में संरचित प्रशिक्षण, पर्यवेक्षित कार्य अनुभव तथा आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना है। कंपनी की सहमति के बाद प्रशासन ने पायलट केंद्र हेतु सैद्धांतिक स्वीकृति दी, जिसके क्रम में आज एमओयू निष्पादित किया गया। पायलट चरण में बलरामपुर में 10 सीटों वाला संचालन केंद्र शुरू होगा, जहां एक समर्पित प्रशिक्षक एवं गुणवत्ता पर्यवेक्षक रहेंगे। चयनित प्रतिभागियों को एआई साक्षरता, डिजिटल कौशल तथा डेटा लेबलिंग, इमेज एवं ऑब्जेक्ट टैगिंग, वर्गीकरण, सत्यापन और गुणवत्ता समीक्षा का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर विशेषज्ञों की देखरेख में वास्तविक कार्य कराया जाएगा। अभ्यर्थियों की पहचान, छंटनी एवं चयन संरचित प्रणाली से होगा।

कलेक्टर ने कहा कि बलरामपुर का इस पहल में प्रदेश में अग्रणी होना हमारे जिले के लिए गौरव की बात है। जिले में 12वीं उत्तीर्ण एवं स्नातक सदस्यों वाले स्व-सहायता समूहों का बड़ा समूह है, जो स्मार्टफोन और कंप्यूटर चलाने में दक्ष है। यह केंद्र हमारी दीदियों को पारंपरिक आजीविका के साथ डिजिटल अर्थव्यवस्था से जोड़ेगा और अपने ही जिले में सम्मानजनक एवं नियमित आय दिलाकर लखपति दीदी के लक्ष्य को साकार करेगा। एआई के बढ़ते दायरे में यह कौशल युवाओं के लिए भविष्य के नए अवसरों का आधार बनेगा और जनजातीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में परिवर्तनकारी सिद्ध होगा। एमओयू के तहत केंद्र की तकनीक, संचालन, प्रशिक्षण, गुणवत्ता पर्यवेक्षण, प्रतिभागियों के पारिश्रमिक एवं प्रोत्साहन राशि तथा इंटरनेट कनेक्टिविटी का व्यय प्रिज्मा एआई वहन करेगी, जबकि जिला प्रशासन परिसर एवं बुनियादी ढांचे की पहचान, हितग्राहियों के चयन, एनआरएलएम, कौशल विकास व शैक्षणिक संस्थानों से समन्वय तथा केंद्र की सुरक्षा में सहयोग करेगा।

डीजल दिलाने के नाम पर 1.8 लाख की ठगी, पुलिस से शिकायत

रामानुजगंज। सस्ते दाम पर डीजल उपलब्ध कराने का झांसा देकर अज्ञात व्यक्ति द्वारा 1 लाख 8 हजार रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

- फोन पर सस्ते डीजल का झांसा देकर युवक को बुलाया था पेट्रोल पंप

पुलिस से किए गए शिकायत में रामानुजगंज निवासी गौरव कुमार गुप्ता ने बताया कि उसके मोबाइल पर 29 सितंबर की सुबह करीब 9 बजे अज्ञात व्यक्ति ने दो अलग अलग मोबाइल नंबर से कॉल किया। कॉल करने वाले ने उसे 80 रुपये प्रति लीटर की दर से डीजल देने की बात कही। इसके बाद गौरव अपने पिकअप वाहन में गैलन लेकर उसके बताए अनुसार 12वीं बटालियन पेट्रोल पंप पहुंचा। अज्ञात व्यक्ति ने गौरव के मोबाइल से पेट्रोल पंप के स्टाफ से बातचीत की और पिकअप में रखे गैलन व ड्रम में कुल 1353 लीटर डीजल भरवा दिया। इसके बाद जब डीजल के भुगतान की बात आई तो अज्ञात व्यक्ति ने गौरव से कहा कि पहले उसके द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड पर 1 लाख 8 हजार रुपये भेजे जाएं, जिसके बाद वह पेट्रोल पंप का भुगतान कर देगा। गौरव के मुताबिक उसने बताए गए दो क्यूआर कोड के माध्यम से फोन-पे से कुल 1 लाख 8 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। रकम भेजने के बाद संबंधित व्यक्ति ने अपना मोबाइल फोन बंद कर दिया। काफी देर तक फोन चालू नहीं हुआ और बाद में पीड़ित का मोबाइल नंबर भी ब्लॉक कर दिया गया।

ठगी का एहसास होने पर गौरव ने रामानुजगंज थाने में आवेदन देकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि घटना से उसे आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह सितंबर 2026 का बिल निम्नानुसार है

विवरण	दर	राशि
10 दिन	4.00	40.00
20 दिन	5.00	100.00
30 दिन,	कुल योग=	140.00

कृपया पाठकगण माह सितंबर 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अक्टूबर 2026 तक जमा करें।
प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर



